सेंट एंड्रयूज स्कॉट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल

9वीं एवेन्यू, आई.पी.एक्सटेंशन, पटपडगंज,दिल्ली – 110092

सत्र: 2024-2025

कक्षा:-7	विषय हिन्दी पाठ्यपुस्तक	पाठ: 4

मौखिक

1.प्रश्नों के उत्तर बताइए-

(क) मिनी के मन में अंधविश्वास बैठा था कि उसकी मैली-कुचौली झोली के अंदर ढूँढ़ने पर उस जैसी और भी जीती-जागती बच्चियाँ निकल सकती हैं।

(ख) घूसा तानकर रहमत कहता "ससुर को मारता पर क्या करूँ, हाथ बँधे हुए हैं।

(ग) रहमत अपने देश को माघ महीने में लौटता था।

(घ) कारावास से छूटने के बाद रहमत पहचान में नहीं आ रहा था। उसके पास न तो झोली थी और न पहले जैसे लंबे-लंबे बाल। उसके चेहरे की दिव्यता भी गायब थी।

(ङ) मिनी के जाने के बाद रहमत को समझ में आया कि उसकी बेटी भी इतनी ही बड़ी हो हो गई होगी। उसके साथ भी उसे अब फिर से नई जान-पहचान करनी पड़ेगी।

लिखित

2.प्रश्नों के उत्तर बताइए-

(क) मिनी के मन से भय दूर करने के लिए लेखक ने काबुलीवाले को अपने घर के भीतर बुला लिया।

(ख) पिस्ता-बादाम की रिश्वत दे देकर रहमत ने मिनी के हृदय पर अधिकार किया था।

(ग) मिनी को अठन्नी रहमत ने दी। इससे बड़ा बवाल हुआ। मिनी की माँ ने उसे डाँट-फटकार लगाई। मिनी की माँ को लग रहा था कि वह अठन्नी मिनी ने काबुलीवाले से माँगी होगी।

(घ) लेखक के पड़ोसी ने रहमत से एक रामपुरी चादर खरीदी थी। उसके कुछ रुपये बाकी थे। वह उन्हें देने से साफ इनकार कर रहा था। बस, इसी पर दोनों में बात बढ़ गई और रहमत ने उसे छुरा घोंप दिया। इस अपराध के लिए रहमत को कारावास की सजा सुनाई गई।

(ङ) लेखक और रहमत में कई समानताएँ थीं। लेखक और रहमत दोनों की बेटियाँ हम उम्र थीं। दोनों ही अपने पिता से प्यार करती थीं। पिता से बेटी का बिछोह कष्टकर होता है। अतः मिनी की विदाई के समय लेखक दुखी थे। मिनी को देखकर रहमत को अपनी बेटी की याद आई। वह भी उसका स्मरण करके दुखी हो गया।

(च) मिनी के जाने के बाद रहमत को समझ में आया कि उसकी बेटी भी इतनी ही बड़ी हो हो गई होगी। उसके साथ भी उसे अब फिर से नई जान-पहचान करनी पड़ेगी।

3.पाठ के आधार पर लिखिए किसने, किससे कहा-

(क) मिनी ने बाबूजी से (लेखक से)

(ख) मिनी की माँ ने मिनी से(ग) काबुलीवाले ने मिनी से

(घ) रहमत ने मिनी से

(ङ) लेखक ने रहमत से

4.पाठांश को ध्यान से पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए-

(क) रहमत ने लेखक से कहा कि क्या वह बच्ची (मिनी) को देख सकता है।

(ख) रहमत को विश्वास था कि मिनी काबुलीवाला काबुलीवाला पुकारती हुई दौड़ी चली आएगी।

(ग) अपनी पहले की मित्रता को याद करके रहमत एक पेटी अंगूर और थोड़ी किशमिश तथा बदाम मिनी के लिए लाया था।

(घ) आज रहमत के पास उसकी मैली-कुचैली झोली नहीं थी।

(ङ) विलोम शब्द लिखिए

हास - रुदन मित्रता - शत्रुता थोड़ा - ज्यादा मैला - साफ़

5.सही विकल्प चुनकर (✓) का चिह्न बनाइए

(क) उसे पिस्ता-बादाम देकर

(ख) अंगूरों की पिटारी

(ग) उसके हत्या करने के कारण